Title Code: RAJHIN27740

# डिजिटल राजस्थान

खबर वही जो हम बताएं

वर्ष 4 | डिजिटल अंक | अलवर, रविवार 18 जनवरी 2026 | मूल्य 2 | पृष्ठ 5

# सांस लेना हुआ मुश्किल : भिवाड़ी में प्रदूषण बहुत गंभीर

## भिवाड़ी में दो दिन में ग्रैप-3 और ग्रैप-4 लागू, निर्माण कार्य ठप, लोगों की सेहत पर संकट

भिवाड़ी
डिजिटल राजस्थान

**भिवाड़ी।** राजस्थान के औद्योगिक शहर भिवाड़ी में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई 366 दर्ज किया गया, जो बहुत गंभीर श्रेणी में आता है। लगातार बिगड़ती हवा ने आमजन की सेहत पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने मात्र दो दिनों के भीतर ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रैप के चरण-3 और चरण-4 की सख्त पाबंदियां लागू कर दी हैं। शुक्रवार को जहां एक्यूआई 318 दर्ज किया गया था, वहीं शनिवार को इसमें तेज उछाल आया और स्तर 366 तक पहुंच गया। इसके बाद प्रशासन ने पहले ग्रैप-3 और फिर शनिवार शाम को ग्रैप-4 के नियम लागू कर दिए। इन पाबंदियों के चलते शहर में अधिकांश निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के निर्माण स्थल बंद कर दिए गए हैं, केवल अति आवश्यक परियोजनाओं को छूट दी गई है।





### धुंध की चादर में लिपटा भिवाड़ी शहर

भिवाड़ी के ऊपर दिनभर सफेद धुंध और प्रदूषण की मोटी परत छाई हुई है। सड़कों पर उड़ती धूल, भारी ट्रैफिक जाम और औद्योगिक इकाइयों से निकलता धुआं प्रदूषण के मुख्य कारण बने हुए हैं। रात में ठंड बढ़ने और दिन में तेज धूप निकलने के बावजूद प्रदूषण में कोई राहत नहीं मिल रही, बल्कि स्थिति और बिगड़ती जा रही है।

### प्रशासन की अपील

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सभी संबंधित विभागों को ग्रैप-3 और ग्रैप-4 के नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों से दूरी बनाए रखें। भिवाड़ी जैसे औद्योगिक क्षेत्र में अब प्रदूषण नियंत्रण के लिए औद्योगिक इकाइयों पर कड़ी निगरानी, धूल नियंत्रण उपाय और प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन बेहद जरूरी हो गया है। शहरवासियों की सेहत खतरे में है और हालात सुधारने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

### स्वास्थ्य पर असर

जहरीली हवा का सबसे ज्यादा असर सांस, दमा और एलर्जी के मरीजों पर पड़ रहा है। वहीं सामान्य लोग भी आंखों में जलन, गले में खराश, सिरदर्द और सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि प्रदूषण का स्तर यूं ही बना रहा तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

# खिजुरिवास टोल फ्री कराने को लेकर बवाल, टोल कर्मियों से की मारपीट

### सीसीटीवी में कैद घटना, 25 अज्ञात पर मामला दर्ज

**भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान)** रविवार सुबह खिजुरिवास टोल प्लाजा पर टोल फ्री कराने की मांग को लेकर बड़ा विवाद हो गया। स्थानीय लोगों और टोल कर्मियों के बीच कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है, जिसके बाद स्थिति बिगड़ने पर टोल प्लाजा को करीब एक घंटे तक फ्री करना पड़ा। टोल प्लाजा मैनेजर यादराम ने भिवाड़ी थाने में 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि कई वाहनों में सवार होकर आए लोगों ने टोल माफ करने की मांग की। जब टोल कर्मियों ने नियमों का हवाला देते हुए मना किया तो आरोपियों ने झगड़ा शुरू कर दिया और कर्मचारियों के साथ मारपीट की।

### सीसीटीवी बना सबूत

पूरी घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में आरोपियों को टोल कर्मियों के साथ हाथापाई करते हुए साफ देखा जा सकता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



### खिजुरिवास गांव के बताए जा रहे आरोपी

टोल मैनेजर के अनुसार, विवाद में शामिल लोग खिजुरिवास गांव के निवासी बताए जा रहे हैं और टोल फ्री कराने की जिद को लेकर यह पूरा मामला हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना जताई है।

### पहले भी हो चुके हैं विवाद

खिजुरिवास स्थित यह टोल प्लाजा नगर परिषद क्षेत्र में आता है। यहां टोल फ्री और लोकल पास को लेकर पहले भी कई बार स्थानीय लोगों और टोल प्रबंधन के बीच विवाद हो चुका है। बढ़ते तनाव को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा इस टोल प्लाजा को तिजारा के मसीत के पास स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक यह प्रक्रिया केवल फाइलों तक ही सीमित है।

## पुलिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मारपीट का आरोप

**नीमराना (डिजिटल राजस्थान)** पुलिस थाना बहरोड़ के कोतवाल विक्रांत शर्मा सहित तीन पुलिसकर्मियों पर अवैध हिरासत, थर्ड डिग्री टॉर्चर और दबाव बनाकर कीमती दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर माजरी कलां निवासी यशवंत सिंह यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश कुमार खींची को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच व एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित पक्ष द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 16 जनवरी 2026 को यशवंत सिंह यादव के भतीजे उम्मेद सिंह को कोतवाल द्वारा फोन कर थाने बुलाया गया। थाने पहुंचने पर मुकेश प्रधान निवासी बहरोड़ और अमित कुमार सैनी निवासी बर्डोद को भी बुलाया गया। आरोप है कि अमित कुमार सैनी से 20 लाख रुपये के लेनदेन का मामला है, जिसमें चेक बाउंस हो चुका है, जबकि मुकेश प्रधान से जमीन से जुड़ा विवाद है। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस ने दोनों पक्षों के पक्ष में राजीनामा कराने और जमीन का फुल पेमेंट एग्रीमेंट करने का दबाव बनाया। मना करने पर उम्मेद सिंह को जबरन लॉकअप में बंद कर दिया गया। अगले दिन उन्हें कोतवाल कार्यालय में लाकर पैरों को बांधकर तलवों पर डंडों से बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित यशवंत सिंह यादव को भी थाने बुलाकर उन्हीं शर्तों पर दबाव बनाया गया। आरोप है कि इनकार करने पर उनके साथ भी मारपीट की गई और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। बाद में दोनों को शाम करीब 4:30 बजे एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया, जहां जमानत स्वीकार हुई। पीड़ितों का आरोप है कि यह पूरी कार्रवाई निजी व्यक्तियों के दबाव और प्रलोभन में आकर की गई। ग्रामीणों ने कोतवाल विक्रांत शर्मा, अन्य दो पुलिसकर्मियों, मुकेश प्रधान और अमित कुमार सैनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृह राज्य मंत्री, पुलिस महानिदेशक, सांसद और विधायक सहित उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है।

### एएसपी बोले—जांच कर होगी उचित कार्रवाई

मामले को लेकर नीमराना एएसपी सुरेश कुमार खींची ने कहा कि माजरी कलां के ग्रामीणों द्वारा बहरोड़ कोतवाल पर थाने में बुलाकर मारपीट करने और लॉकअप में बंद रखने के आरोपों को लेकर ज्ञापन दिया गया है। मामले की जांच की जाएगी और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ज्ञापन देने वालों में ये रहे शामिल

ज्ञापन सौंपने के दौरान सुशील यादव, अश्वनी यादव (भाजपा मंडल अध्यक्ष माजरी कलां), राजपाल यादव (पंचायत समिति सदस्य), नीरज यादव (मंडल महामंत्री), राकेश खंडेलवाल (भाजपा मंडल अध्यक्ष नीमराना), हरदीप यादव (सरपंच प्रतिनिधि माजरी कलां), प्रवीण, रणसिंह (पूर्व सरपंच), रमेश जांगिड़, महेश दौराता, इंद्रजीत सेठ, अशोक, सतवीर, अभिजीत, कमल, जितेंद्र, खेमचंद स्वामी, राजमोहन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# अपहरण व लूट गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार

### सोशल मीडिया पर लड़की बनकर फंसाते थे युवक

**भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान)** भिवाड़ी पुलिस ने अपहरण और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर लड़की बनकर चैटिंग के जरिए युवकों को झांसा देकर अपहरण व लूट करने वाले इस गिरोह के सदस्य अभिषेक उर्फ बच्ची को पुलिस ने दबोच लिया है। कार्रवाई भिवाड़ी थानाधिकारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में की गई। थानाधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि 22 दिसंबर की रात करीब 12:45 बजे मनीष कुमार निवासी खलीलपुरी और उसका दोस्त अंकित कुमार निवासी दिल्ली, भिवाड़ी स्थित जनैसिस मॉल से काम कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अल्टो कार उनके सामने आकर रुकी, जिसमें सवार तीन युवकों ने जबरदस्ती दोनों को कार में बैठा लिया और अपहरण कर लिया। आरोपियों ने दोनों युवकों को भिवाड़ी व आसपास के इलाकों में रातभर घुमाया, उनके साथ मारपीट की और डराधमकाकर बैंक खातों से करीब 38 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। सुबह करीब 4-5 बजे दोनों को राव होटल के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों, विशेषकर महेंद्र सोनी, की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।



### पीड़ित की सूझबूझ से खुले नाम

पीड़ित मनीष ने अपहरणकर्ताओं की आपसी बातचीत के दौरान उनके नामों की जानकारी जुटाई। इसमें एक आरोपी राहुल यादव निवासी विरामपुर, दूसरा अभिषेक उर्फ बच्ची निवासी लुहादेरा और तीसरा महेंद्र सोनी निवासी तिजारा बताया गया।

### पहले राहुल, अब अभिषेक को दबोचा


घटना के संबंध में पीड़ित के पिता पवन कुमार ने 9 जनवरी को भिवाड़ी थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सूचना तंत्र, तकनीकी साक्ष्य और पारंपरिक तरीकों से जांच करते हुए पहले आरोपी राहुल यादव को गिरफ्तार किया और वारदात में प्रयुक्त अल्टो कार भी जब्त की। अब मामले में दूसरे आरोपी अभिषेक उर्फ बच्ची को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डिजिटल राजस्थान

Title Code: RAJHIN27740

खबर वही जो हम बताएं

वर्ष 4 | डिजिटल अंक | अलवर, रविवार 18 जनवरी 2026 | मूल्य 2 | पृष्ठ 5



# बीवीएम स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**टपूकड़ा (डिजिटल राजस्थान)** कस्बे के निकटवर्ती गांव जगमलहेड़ी में स्थित बीवीएम स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, पूर्व जिला प्रमुख राजू यादव, पूर्व विधायक संदीप यादव, जेपी प्रधान विशिष्ट अतिथियों में देशपाल यादव, विक्रम यादव, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। स्कूल की ओर से कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर मनीष यादव ने की। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**नीमराना (डिजिटल राजस्थान)** नीमराना ने रविवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में 1000 से अधिक वरिष्ठ नागरिक ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एएसपी सुरेश खींची ने सुरक्षा, साइबर अपराध और व्यक्तिगत सावधानियों पर जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सर्जन डॉ. मनीष शर्मा ने स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित जांच की अहमियत पर जोर दिया। कार्यर्* म में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया और अस्पताल की टीम ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श प्रदान किया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, पूर्व सरपंच और चिकित्सक मौजूद रहे।

# तिजारा में पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता अभियान का आयोजन

### शिक्षकों ने दिया प्लास्टिक मुक्त समाज और अधिकाधिक वृक्षारोपण का संदेश




**तिजारा (डिजिटल राजस्थान)** अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ (अरस्तु) जिला शाखा खैरथल-तिजारा के जिला अध्यक्ष शैतान सिंह यादव के नेतृत्व में उपखंड तिजारा में पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ तहसील परिसर से किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र सिंह यादव, सेवानिवृत्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले को स्वच्छता एवं शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना तथा आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना रहा। तहसील परिसर से विकास पथ तक शिक्षक साथियों ने दुकानदारों, युवाओं, बुजुर्गों एवं गणमान्य नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान प्लास्टिक हटाओ, पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, हम सभी का एक ही नारा–प्लास्टिक मुक्त हो जिला खैरथल-तिजारा तथा पर्यावरण संरक्षण मानवता की जिम्मेदारी जैसे नारों से युक्त कपड़े के थैले वितरित किए गए। मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह यादव द्वारा अभियान का शुभारंभ कराया गया। शिक्षकों ने दुकानों पर जाकर ग्राहकों से प्लास्टिक की थैलियों में रखा सामान निकलवाकर उन्हें कपड़े के थैले भेंट किए और उसी में सामान रखवाया।इस अवसर पर महेंद्र सिंह यादव ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में अत्यंत सराहनीय है। इससे आमजन को प्रदूषण से मुक्ति की दिशा में प्रेरणा मिलेगी। अभियान में जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी सतपाल गुर्जर, राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक सलामुद्दीन, मनोज आर्य, भारत सिंह, सूरत सिंह खैरिया, सुमेर सिंह मेघवाल, नरेश कुमार, महेश कुमार कसाना, विजय सिंह यादव, रोशन लाल, किशन लाल, रविकांत सैनी, राजकुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# एडवोकेट वीपी शर्मा बने सर्व ब्राह्मण महासभा के संगठन महामंत्री



**भिवाड़ी (डिजिटल राजस्थान)** भिवाड़ी के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट वीपी शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा का संगठन महामंत्री (खैरथल-तिजारा) मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति का अधिकारिक पत्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा जारी किया गया। एडवोकेट वीपी शर्मा विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी निरंतर सहभागिता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए महासभा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से खैरथल-तिजारा क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलने और समाज में एकजुटता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। समाज के लोगों ने इस मनोनयन को सकारात्मक बताते हुए इसे संगठन के लिए उपयोगी कदम करार दिया है। एडवोकेट वीपी शर्मा की नियुक्ति पर समाज के गणमान्य लोगों एवं महासभा के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों को और अधिक गति देगा। गौरतलब है कि वर्ष 1986 में गठित रजिस्टर्ड सर्व ब्राह्मण महासभा राजस्थान में ब्राह्मण समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। एडवोकेट वीपी शर्मा के इस नए दायित्व से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल


### डिस्पोजेबल मुक्त आयोजनों की दिशा में जाट समाज का कदम



**टपूकड़ा (डिजिटल राजस्थान)** कृष सिटी फेस-1 स्थित श्री हरिधाम मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण को लेकर जाट समाज टपूकड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। धार्मिक आयोजन के दौरान डिस्पोजेबल सामग्री के बढ़ते उपयोग को देखते हुए जाट समाज ने पर्यावरण-अनुकूल साधनों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। जाट समाज टपूकड़ा द्वारा श्री हरिधाम मंदिर कमेटी को सहयोग स्वरूप 501 थालियां, 501 गिलास, 501 चम्मच एवं 8 डोंगा सप्रेम भेंट किए गए। इन बर्तनों का उपयोग वर्तमान एवं भविष्य में होने वाले धार्मिक आयोजनों तथा सोसायटी के अन्य कार्यक्रमों में किया जाएगा, जिससे प्लास्टिक और डिस्पोजेबल सामग्री के प्रयोग में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ यदि प्रकृति संरक्षण को जोड़ा जाए तो समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है। इस तरह की पहल न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी जागरूक करने का कार्य करती है। इस अवसर एडवोकेट विजयभान चौधरी, जयप्रकाश चौधरी, सतवीर चौधरी, कोजाराम डांगा, महेश चौधरी बेढम, सुखवीर चौधरी, जगदीश चौधरी, रोहताश चौधरी, हरीश चौधरी, गजानंद चौधरी, महेंद्र बना, कृष्ण बुरड़क, धारूराम, राधा वासुदेव, उदयभान चौधरी, कर्मवीर भगोर, हरीराम चौधरी, राकेश फोजदार, कान्हाराम, राजेन्द्र चौधरी, रामेश्वर, अनिल पूनिया, रामपाल चाहर, जीतसिंह, छाजूराम, रोहितास चौधरी, मंजू महिला मनीष सहित सर्व समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे।

### पहल की सराहना

इस दौरान समाजसेवी रमेशचंद गर्ग, जवाहरलाल गुप्ता, एमएम गुप्ता, सर्वेश सोनी, विरेन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर कमेटी ने जाट समाज टपूकड़ा की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और भविष्य में भी ऐसे पर्यावरण-संरक्षण से जुड़े कार्यों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।



# अलवर में नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र का हुआ उद्घाटन

### सिलाई सहित कई प्रशिक्षण सुविधाएं

### प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य

### एक दर्जन उद्योगों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा




**अलवर (डिजिटल राजस्थान)** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से खुदनपुरी रोड स्थित उजागर सिंह कॉलोनी में नारी सृजन स्वावलंबन केन्द्र का उद्घाटन समाजसेवी झाबरमल यादव ने किया। इस केन्द्र का उद्देश्य महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना है। प्रथम चरण में महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, जूट उत्पाद निर्माण, गाय के गोबर से बने उत्पाद तथा खाद्य सामग्री निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केन्द्र में आवश्यक मशीनें एवं सभी सुविधाएं डूंगाराम यादव एवं मनी देवी की स्मृति में जेएमसीसी इन्फा प्रोजेक्ट लिमिटेड के डायरेक्टर झाबरमल यादव द्वारा प्रदान की गई हैं। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, जिसे नेक कमाई फाउंडेशन की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नारी सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावत ने महिलाओं से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेकर स्वावलंबी बनने का आह्वान किया।

समाजसेवी झाबरमल यादव ने कहा कि एक महिला के स्वावलंबी होने से केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और देश को भी लाभ होता है। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के भी प्रयास किए जाएंगे तथा भविष्य में अलवर शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे केन्द्र खोले जाएंगे। शिक्षाविद राजेश लवानिया ने प्रशिक्षण के साथ-साथ महिलाओं एवं बेटियों से शिक्षा जारी रखने की अपील की। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महिलाओं को कंबल वितरण भी किया गया। केन्द्र संचालिका रेखा कर्दम ने बताया कि वर्तमान में 25 जरूरतमंद महिलाएं सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही हैं, जिसका कोर्स तीन माह में पूर्ण होगा। गायत्री परिवार की प्रतिभा सिंह ने कहा कि इन परिवारों की बेटियों की शिक्षा में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन रेखा महलावत ने किया। नारी सृजन प्रोजेक्ट की कोर्डिनेटर बिंदू कपूर हैं। नारी सृजन स्वावलंबन का मुख्य केन्द्र लाजपत नगर में शुरू किया जाएगा, जहां एक दर्जन उद्योगों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित है।

## सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो डालकर दहशत फैलाने वाले पकड़े



**तिजारा (डिजिटल राजस्थान)** तिजारा पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो अपलोड कर गानों के माध्यम से गुंडागर्दी का प्रदर्शन कर आमजन में भय फैलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों में हड़कंप मच गया है। थानाधिकारी जयप्रकाश चौधरी ने बताया कि 13 जनवरी को सूचना मिली थी कि कस्बा तिजारा के कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियारों के साथ फोटो डालकर अपना रौब जमाने और आम लोगों में दहशत पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी शिवराज सिंह के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुशीराम पुत्र लोकेश, शिवा पुत्र सुरेश तथा दिनेश यादव पुत्र राजकुमार, निवासी तिजारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हथियारों का प्रदर्शन कर भय का माहौल बनाने की मंशा स्पष्ट है। मामले में प्रयुक्त हथियारों, सोशल मीडिया अकाउंट्स और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इस तरह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## सर्दी का असर जारी, धूप से थोड़ी राहत

अलवर (डिजिटल राजस्थान) अलवर जिले में मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। शनिवार सुबह धूप निकलने से लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली, लेकिन शीत लहर का असर अभी भी बना हुआ है। तापमान जमाव बिंदु के करीब होने के कारण दिनभर ठिठुरन और कंपकंपी महसूस होती रही। जिले के कई इलाकों में सूखी घास, फूस और फसलों की पत्तियों पर ओस जमी नजर आई। मौसम विभाग के अनुसार जिले में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। फिलहाल सर्दी अपने चरम पर है और आने वाले दिनों में ठंड से बड़ी राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विशेषज्ञ राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर भारत के पर्वतीय इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों पर भी दिख रहा है। इसके अलावा राज्य में सरि य कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण 19 जनवरी तक बादल छाए रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में सुबह और देर रात के समय कोहरे की स्थिति भी बन सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और रात में जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा तिजारा ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस

### शिक्षकों ने राष्ट्रहित में कर्तव्य पालन का संकल्प




**तिजारा (डिजिटल राजस्थान)** कस्बे के सीएल मैमोरियल विद्यालय में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा तिजारा द्वारा कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। ब्लॉक मंत्री हजारीलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष रूपकिशोर यादव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती 23 जनवरी तक शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा प्रतिवर्ष कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया जाता है। इस दौरान संगठन के सभी सदस्य शिक्षार्थियों एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का राष्ट्रहित में पालन करने का संकल्प लेते हैं। रूपकिशोर यादव ने शिक्षकों से स्वामी विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर कर्तव्य पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश यादव ढाकी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों से अपने विद्यालय को तीर्थ के समान मानकर कार्य करने, विद्यार्थियों को करणीय-अकरणीय कार्यों की जानकारी देने, समाज में फैलाए जा रहे नकारात्मक विमर्श की सही जानकारी देने, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग तथा अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राजेंश गोठडा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विशाल यादव, जिला महिला मंत्री निहारिका सिंह, जिला मीडिया प्रभारी हंसराज, जिला कोषाध्यक्ष विजय सिंह यादव, बुद्धन गुर्जर, प्रदीप मीणा, कमल योगी, राजेन्द्र मेघवाल, हेमंत यादव, हरिसिंह सहित ब्लॉक व संकुल कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुष्पराज शर्मा बने नर्सेज एसोसिएशन के निर्विरोध जिला अध्यक्ष




**अलवर (डिजिटल राजस्थान)** 18 जनवरी 2026 को नर्सेज एसोसिएशन एवं कर्मचारी महासंघ का परिचय सम्मेलन एवं पौष बड़ा कार्यक्रम आईएमए हाल, सामान्य चिकित्सालय अलवर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नर्सेज की समस्याओं और चुनाव संबंधी मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सभी नर्सेज साथियों ने जिला अध्यक्ष चुनाव की बजाय निर्विरोध मनोनयन का सुझाव दिया। इसके उपरांत उपस्थित सैकड़ों नर्सेज ने सर्वसम्मति से पुष्पराज शर्मा को जिला अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध मनोनीत किया। प्रस्ताव पर सभी नर्सेज ने पिछले चार वर्षों के उनके उत्कृष्ट कार्यकाल को देखते हुए नाम का समर्थन किया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज और ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों नर्सेज साथी उपस्थित रहे और इस अवसर पर नर्सेज के हितों और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।

## विजडम वर्ल्ड स्कूल टपूकड़ा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**टपूकड़ा (डिजिटल राजस्थान)** कस्बे के कमालपुर रोड स्थित विजडम वर्ल्ड स्कूल टपूकड़ा में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक नृत्य, देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम, समूह गायन एवं लघु नाटिकाओं ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, मंचीय अनुशासन और रचनात्मकता देख उपस्थित अभिभावक व अतिथि काफी प्रभावित नजर आए। समारोह के मुख्य अतिथि सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मा. मामन सिंह यादव




एवं सौरभ जोशी, एईएन टपूकड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर अनूप यादव ने की। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन वेद प्रकाश यादव, प्रिंसिपल रैन शर्मा, नेहा यादव, विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है। मुख्य अतिथि नितिन सांगवान ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार



और संस्कृति का विकास अत्यंत आवश्यक है, और विजडम वर्ल्ड स्कूल इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। वहीं पूर्व विधायक मामन सिंह यादव ने विद्यालय प्रबंधन को आयोजन के लिए बधाई देते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया और सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### बच्चों की प्रस्तुति ने लूटी वाहवाही

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया।

### अतिथियों ने की विद्यालय की सराहना

अतिथियों ने विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ संस्कार और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अभिभावकों में दिखा उत्साह

वार्षिकोत्सव समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अपने बच्चों को मंच पर प्रस्तुति देते देख अभिभावक भावुक नजर आए और विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था की सराहना की।

## मुथूट एक्जमि ने अजमेर में 86वें गोल्ड पॉइंट सेंटर का किया शुभारंभ

**अलवर/अजमेर (डिजिटल राजस्थान)** मुथूट एक्जमि (प्राइवेट) लिमिटेड ने राजस्थान में अपने व्यापार का विस्तार करते हुए अजमेर में 86वें मुथूट गोल्ड पॉइंट सेंटर का शुभारंभ किया। यह राजस्थान में कंपनी की चौथी शाखा है। नया गोल्ड पॉइंट सेंटर पहली मंजलि, जेडी टावर, गौरव पथ, एसबीआई बैंक के सामने, शांतिपुरा, वैशाली नगर, अजमेर में स्थित है। इस सेंटर के माध्यम से अजमेरवासियों को पुराने व उपयोग में न लिए गए सोने के पारदर्शी और वैज्ञानिक मूल्यांकन की सुविधा मिलेगी। ग्राहक यहां अपने सोने को उचित मूल्य पर बेच सकते हैं। 10 हजार रुपये तक के सोने पर तुरंत नकद भुगतान, जबकि अधिक राशि पर आईएमपीएस, एनईएफटी या आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। मुथूट पप्पाचन ग्रुप के कार्यकारी निदेशक एवं मुथूट एक्जमि के प्रबंध निदेशक थॉमस मुथूट ने कहा कि अजमेर में गोल्ड पॉइंट की शुरुआत से लोगों को सोने के पुनर्चक्रण की सुरक्षित और विश्वसनीय सुविधा मिलेगी। वहीं, मुथूट एक्जमि के सीईओ केयूर शाह ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य पारदर्शिता और विश्वास के साथ स्वर्ण पुनर्चक्रण को और अधिक सुलभ बनाना है। उल्लेखनीय है कि मुथूट एक्जमि भारत की पहली संगठित गोल्ड रीसाइक्लिंग कंपनी है और देश के कई प्रमुख शहरों में अपने गोल्ड पॉइंट सेंटर संचालित कर रही है।

## रेडिमेट व्यापार संघ की कार्यकारिणी का गठन, हंसराज गोलिया बने अध्यक्ष



**बानसूर (डिजिटल राजस्थान)** बानसूर में रेडिमेट कपड़ा व्यापार से जुड़े व्यापारियों की बैठक आयोजित कर रेडिमेट कपड़ा यूनियन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से हंसराज गोलिया को रेडिमेट कपड़ा यूनियन का अध्यक्ष चुना गया। वहीं जितेन्द्र डूडी को उपाध्यक्ष तथा राजेन्द्र प्रसाद को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी के गठन के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ रेडिमेट व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष हंसराज गोलिया ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से रेडिमेट व्यापार से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि व्यापारियों के हितों की रक्षा प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी और समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। बैठक के दौरान रेडिमेट व्यापार संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने संगठन को सशक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**बानसूर (डिजिटल राजस्थान)** बानसूर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंखों से संबंधित सभी प्रकार की जांच पूरी तरह नि:शुल्क की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर में करीब 200 ग्रामीणों ने पंजीकरण कराकर नेत्र जांच करवाई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों में न जाना पड़े। नीरज कुमार ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं। वहीं हॉस्पिटल इंचार्ज डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने जानकारी दी कि शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा आधुनिक मशीनों की सहायता से मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। डॉक्टरों ने मरीजों को उनकी आंखों की समस्याओं के अनुसार उचित परामर्श दिया और आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। ग्रामीणों ने शिविर के आयोजन के लिए आयोजकों और चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

# श्री रामनाथ अलग सेवा समिति का 12वां शाही सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 फरवरी को

### परिचय एवं सगाई सम्मेलन में 8 जोड़ों का हुआ पंजीयन, वैदिक रीति से होंगे विवाह



**नारायणपुर (डिजिटल राजस्थान)** श्री रामनाथ अलग सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाले 12वें सर्व समाज शाही सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को कस्बे के सियारामदास आश्रम में परिचय एवं सगाई सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कुल 8 जोड़ों का पंजीयन कर उनका औपचारिक परिचय कराया गया। सम्मेलन के दौरान वर-वधु पक्ष की आपसी सहमति से सगाई की रस्में विधिवत रूप से संपन्न कराई गईं। समिति पदाधिकारियों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए आगामी विवाह समारोह की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, उल्लास और सामाजिक सौहार्द से परिपूर्ण रहा। समिति अध्यक्ष मोहन लाल वर्मा ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना, समाज में एकता को मजबूत करना और फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को नारायणपुर में आयोजित होने वाले इस शाही सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्ण हिंदू रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाने के लिए समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं तथा विवाह सम्मेलन में समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। परिचय सम्मेलन के दौरान प्रदेशाध्यक्ष रामवतार वर्मा, सुनील रागेरा, दुलीचंद सोलंकी, संयोजक सुरेश ज्ञानपुरिया, उपाध्यक्ष संदीप सैनी एवं हंसराज सैनी, सचिव मनोहर लाल एवं श्याम सिंह शेखावत, महामंत्री रामावतार भड़ाना, कोषाध्यक्ष घनश्याम प्रजापत, महामंत्री राजेन्द्र यादव, मुकेश सोलंकी और सिकंदर सोलंकी सहित श्री रामनाथ अलग सेवा समिति के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सरिस्का बाघ अभ्यारण में बाघ-बाघिन और शावकों की संख्या हुई 50, सैलानियों को रोमांचक साइटिंग

**अलवर (डिजिटल राजस्थान)** सरिस्का बाघ अभ्यारण में इन दिनों बाघ-बाघिनों का कुनवा बढ़ने के चलते जिप्सी सफारी करने वाले सैलानियों को बाघ-बाघिन और शावकों की जबरदस्त साइटिंग देखने को मिल रही है। इसका असर यह हुआ कि अभ्यारण में सैलानियों की संख्या भी तेजी से बढ़ चुकी है। सैलानियों ने सदर रेंज स्थित कुंडली जंगल में बाघ एसटी 15 को बैठा देखा, वहीं एक अन्य वीडियो में बाघ घास के बीच सोता नजर आया। इन दृश्य को देखकर सैलानी काफी उत्साहित और रोमांचित हो गए। अभ्यारण और बफर क्षेत्र में कुल मिलाकर बाघ-बाघिन और शावकों की संख्या अब 50 तक पहुँच चुकी है, जो सैलानियों के लिए रोमांचक अनुभव बन रहा है।

## सीएसआर के तहत कराए विकास कार्य



**टपूकड़ा (डिजिटल राजस्थान)** ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में बेस्टेक्स एमएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टपूकड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। कंपनी प्रबंधन के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योगदान पर शहीद राजाराम यादव राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माजरी में स्वागत-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी की ओर से विद्यालय में शौचालय निर्माण, रसोईघर का नवीनीकरण, टीन शेड, बच्चों के लिए झूले, आरओ सिस्टम, वॉटर कूलर तथा बेंच जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इन सुविधाओं से विद्यालय का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा और विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित व अनुकूल शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। प्रधानाध्यापक ने कहा कि कंपनी का यह सहयोग ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि विद्यार्थियों की उपस्थिति और अध्ययन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। समारोह में पीईईओ बूढ़ीबाबत राकेश कुमार व सुनील, पीईईओ कलोपुर संतोष, प्रेरक सुरेश, राकेश, दिनेश, विक्रम, सुभाष, वेद शर्मा, विद्यालय स्टाफ, सरपंच सुधीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने कंपनी प्रबंधन का फूलमालाओं व स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया और सीएसआर पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। ग्रामीणों ने आशा जताई कि इस प्रकार के सहयोग से सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदलेगी और निजी क्षेत्र की भागीदारी से शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

# डीएनटी समाज के महासंगम में उमड़ा योगी समाज

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एकजुट हुए घुमंतू, अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त समाज के लोग



**नारायणपुर (डिजिटल राजस्थान)** भर्तृहरी धाम पर नाथ समाज के सानिध्य में घुमंतू, अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त (डीएनटी) समाज का भव्य महासंगम आयोजित किया गया। इस महासंगम में रविवार को नारायणपुर तहसील क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से योगी समाज के सैकड़ों लोग वाहनों के काफिले के साथ शामिल हुए। महासंगम के लिए रवाना होने से पूर्व पीर संज्यानाथ आसण के पीर विवेकनाथ महाराज द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर समाज के लोगों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। महासंगम में उपस्थित समाजजनों ने एकजुट होकर अपनी 10 सूत्रीय मांगों को मजबूती से सरकार के समक्ष रखने का संकल्प लिया। योगी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि डीएनटी समुदाय के कुल 32 वर्ग मिलकर अपनी समस्याओं और मांगों को शासन तक पहुंचाएंगे। प्रमुख मांगों में डीएनटी समाज के लिए 10 प्रतिशत पृथक आरक्षण, पंचायतों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने, समाज के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था, तथा छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराने जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि इन मांगों को पूरा किया जाता है तो डीएनटी समाज का सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरज्ञानी योगी, घनश्याम योगी, सतीश, महेंद्र, प्रकाश, विक्रम, हीरालाल, मनोहर, मोहरपाल, रवि, मोहन, कैलाश, हंसराज, ज्ञानी रामेश्वर, लीलाराम, रोहिताश, लालाराम, बिन्टू, दिनेश, चिरंजी, मुकेश, महेश, अशोक, रोशन, गोकुल गुरुजी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राजूसिंह यादव के स्वामित्व में सिल्वर एक्स प्रिंटिंग प्रेस खुशखेड़ा से छपवाकर, डिजिटल राजस्थान कार्यालय नियर पुलिस स्टेशन, टपूकड़ा अलवर (राजस्थान) से प्रकाशित मो. 9694377585